This Question Paper consists of **47** questions and **27** printed pages.
इस प्रश्न-पत्र में **47** प्रश्न तथा **27** मुद्रित पृष्ठ हैं।

**Roll No.** / **अनुक्रमांक** | | | | | | | | | | | |

**Code No.** / **कोड नं.** **68/MAY/3**

**SET/सेट** **A**

1322419

# ACCOUNTANCY
# लेखांकन

## (Principles and Practice of Financial Accounting)
## (वित्तीय लेखांकन के सिद्धांत एवं व्यवहार)
## (320)

**Day and Date of Examination**
**(परीक्षा का दिन व दिनांक)** ____________________

**Signature of Invigilators** 1. ____________________
**(निरीक्षकों के हस्ताक्षर)**

2. ____________________

***General Instructions :***

1. Candidate must write his/her Roll Number on the first page of the Question Paper.
2. Please check the Question Paper to verify that the total pages and total number of questions contained in the Question Paper are the same as those printed on the top of the first page. Also check to see that the questions are in sequential order.
3. Making any identification mark in the Answer-Book or writing Roll Number anywhere other than the specified places will lead to disqualification of the candidate.
4. Write your Question Paper Code No. **68/MAY/3, Set – A** on the Answer-Book.
5. (a) The Question Paper is in English/Hindi medium only. However, if you wish, you can answer in any one of the languages listed below :
   English, Hindi, Urdu, Punjabi, Bengali, Tamil, Malayalam, Kannada, Telugu, Marathi, Odia, Gujarati, Konkani, Manipuri, Assamese, Nepali, Kashmiri, Sanskrit and Sindhi.
   You are required to indicate the language you have chosen to answer in the box provided in the Answer-Book.
   (b) If you choose to write the answer in the language other than Hindi and English, the responsibility for any errors/mistakes in understanding the question will be yours only.

***सामान्य अनुदेश :***

1. परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र के पहले पृष्ठ पर अपना अनुक्रमांक अवश्य लिखें।
2. कृपया प्रश्न-पत्र को जाँच लें कि प्रश्न-पत्र के कुल पृष्ठों तथा प्रश्नों की उतनी ही संख्या है जितनी प्रथम पृष्ठ के सबसे ऊपर छपी है। इस बात की जाँच भी कर लें कि प्रश्न क्रमिक रूप में हैं।
3. उत्तर-पुस्तिका में पहचान-चिह्न बनाने अथवा निर्दिष्ट स्थानों के अतिरिक्त कहीं भी अनुक्रमांक लिखने पर परीक्षार्थी को अयोग्य ठहराया जाएगा।
4. अपनी उत्तर-पुस्तिका पर प्रश्न-पत्र का कोड नं. **68/MAY/3, सेट – A** लिखें।
5. (क) प्रश्न-पत्र केवल अंग्रेज़ी/हिंदी माध्यम में है। फिर भी, यदि आप चाहें, तो नीचे दी गई किसी एक भाषा में उत्तर दे सकते हैं :
   अंग्रेज़ी, हिंदी, उर्दू, पंजाबी, बंगला, तमिल, मलयालम, कन्नड़, तेलुगु, मराठी, उड़िया, गुजराती, कोंकणी, मणिपुरी, असमिया, नेपाली, कश्मीरी, संस्कृत और सिंधी।
   कृपया उत्तर-पुस्तिका में दिए गए बॉक्स में लिखें कि आप किस भाषा में उत्तर लिख रहे हैं।
   (ख) यदि आप हिंदी एवं अंग्रेज़ी के अतिरिक्त किसी अन्य भाषा में उत्तर लिखते हैं, तो प्रश्न को समझने में होने वाली त्रुटियों/ग़लतियों की ज़िम्मेदारी केवल आपकी होगी।

UNNATI EDUCATION 9899436384 9654279279

# ACCOUNTANCY
## लेखांकन
## (Principles and Practice of Financial Accounting)
## (वित्तीय लेखांकन के सिद्धांत एवं व्यवहार)
## (320)

*Time allowed : 3 Hours]* *[Maximum Marks : 100*

*निर्धारित समय : 3 घण्टे]* *[अधिकतम अंक : 100*

**Note :**
(i) This question paper consists of **47** questions in all.
(ii) **All** questions are compulsory. Internal choices are given wherever required.
(iii) Marks are given against each question.
(iv) Attempt these questions as per the instructions given for each of the questions.
(v) This question paper has **two** sections – **Section A** and **Section B**.
(vi) **Section A** has **36** questions from Questions No. **1** to **36**.
(vii) **Section B** has **11** questions from Questions No. **37** to **47**.
(viii) **Section B** has **two** options. **Optional Module – I** : Analysis of Financial Statements. **Optional Module – II** : Application of Computers in Financial Accounting. Candidates are required to attempt questions from **one** option only. All questions of an option are compulsory.

**निर्देश :**
(i) इस प्रश्न-पत्र में कुल **47** प्रश्न हैं।
(ii) **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं। जहाँ आवश्यक है, वहाँ आंतरिक विकल्प दिए गए हैं।
(iii) प्रत्येक प्रश्न के सामने अंक दिए गए हैं।
(iv) इन प्रश्नों के उत्तर प्रत्येक प्रश्न में दिए गए निर्देशानुसार दीजिए।
(v) इस प्रश्न-पत्र में दो खण्ड हैं – **खण्ड A** एवं **खण्ड B**।
(vi) **खण्ड A** में **36** प्रश्न हैं, प्रश्न-संख्या **1** से **36** तक।
(vii) **खण्ड B** में **11** प्रश्न हैं, प्रश्न-संख्या **37** से **47** तक।
(viii) **खण्ड B** में दो विकल्प हैं। **वैकल्पिक मॉड्यूल – I** : वित्तीय विवरणों का विश्लेषण। **वैकल्पिक मॉड्यूल – II** : वित्तीय लेखांकन में कम्प्यूटर का प्रयोग। परीक्षार्थियों को केवल **एक** विकल्प के ही उत्तर देने हैं। एक विकल्प के सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

**Note / निर्देश :**

(1) Answers of all questions are to be given in the Answer-Book given to you.
सभी प्रश्नों के उत्तर आपको दी गई उत्तर-पुस्तिका में ही लिखें।

(2) 15 minutes time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 2:15 p.m. From 2:15 p.m. to 2:30 p.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the Answer-Book during this period.
इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण दोपहर में 2:15 बजे किया जाएगा। दोपहर 2:15 बजे से 2:30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।

UNNATI EDUCATION 9893688478 9654279279

## SECTION A

## खण्ड A

1. Transfer Vouchers are prepared to record : 1

(A) Cash transactions (B) Non-cash transactions

(C) Both (A) and (B) (D) None of the above

हस्तान्तरण वाउचर लेखे के लिए तैयार किए जाते हैं :

(A) नकद लेनदेन (B) ग़ैर-नकद लेनदेन

(C) (A) और (B) दोनों (D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

2. What will be the effect of the following transactions on the accounting equation ? 1

Goods sold for cash to Ram (costing ₹ 15,000 for ₹ 20,000)

(A) Assets (+ ₹ 15,000); Liabilities (– ₹ 20,000); Capital (+ ₹ 5,000)

(B) Assets (– ₹ 15,000); Assets (+ ₹ 20,000); Capital (+ ₹ 5,000)

(C) Assets (+ ₹ 20,000); Liabilities (+ ₹ 20,000); Capital (+ 0)

(D) Assets (+ 0); Liabilities (– ₹ 15,000); Capital (+ ₹ 15,000)

निम्नलिखित लेनदेनों का लेखांकन समीकरण पर क्या प्रभाव पड़ेगा ?

राम को माल का नकद विक्रय किया गया (लागत ₹ 15,000 को ₹ 20,000 में)

(A) परिसंपत्तियाँ (+ ₹ 15,000); देयताएँ (– ₹ 20,000); पूँजी (+ ₹ 5,000)

(B) परिसंपत्तियाँ (– ₹ 15,000); परिसंपत्तियाँ (+ ₹ 20,000); पूँजी (+ ₹ 5,000)

(C) परिसंपत्तियाँ (+ ₹ 20,000); देयताएँ (+ ₹ 20,000); पूँजी (+ 0)

(D) परिसंपत्तियाँ (+ 0); देयताएँ (– ₹ 15,000); पूँजी (+ ₹ 15,000)

3. 'Input unit' is a major component of computer. Which of the following is ***not*** used as an input device in Input Unit ? 1

(A) Keyboard (B) Printer

(C) Mouse (D) Scanner

'इनपुट यूनिट' कंप्यूटर का एक प्रमुख घटक है। निम्नलिखित में से किसका उपयोग इनपुट यूनिट में इनपुट डिवाइस के रूप में ***नहीं*** किया जाता है ?

(A) कीबोर्ड (B) प्रिन्टर

(C) माउस (D) स्कैनर

UNNATI EDUCATION 9899436384 9654279279
#7572419

4. Purchase Book has been overcast by ₹ 2,000. This error will be rectified by : 1

(A) Crediting Suspense A/c by ₹ 2,000 and debiting Purchase A/c by ₹ 2,000.

(B) Debiting Suspense A/c by ₹ 2,000 and crediting Purchase A/c by ₹ 2,000.

(C) By only crediting suspense A/c by ₹ 2,000.

(D) By only debiting purchase A/c by ₹ 2,000.

क्रय पुस्तिका ₹ 2,000 से बढ़ गई है। इस अशुद्धि के शोधन के लिए :

(A) उचंत खाते के जमा पक्ष में ₹ 2,000 और क्रय खाते के नाम पक्ष में ₹ 2,000 लिखे जाएँगे।

(B) उचंत खाते के नाम पक्ष में ₹ 2,000 और क्रय खाते के जमा पक्ष में ₹ 2,000 लिखे जाएँगे।

(C) केवल उचंत खाते के जमा पक्ष में ₹ 2,000 से प्रविष्टि की जाएगी।

(D) केवल क्रय खाते के नाम पक्ष में ₹ 2,000 से प्रविष्टि की जाएगी।

5. Which of the following is an item of 'Income' while preparing 'Income and Expenditure Account' of a Not-for-Profit Organisation ? 1

(A) Legacy (B) Subscription

(C) Life Membership Fees (D) Tournament Fund

किसी ग़ैर-लाभकारी संस्था का 'आय-व्यय खाता' तैयार करते समय निम्नलिखित में से कौन-सी मद 'आय' होगी ?

(A) विरासत (B) चंदे की राशि

(C) आजीवन सदस्यता शुल्क (D) टूर्नामेंट फंड

6. The trial balance of a firm shows : Sundry Debtors of ₹ 1,00,000. A provision for doubtful debts is to be created at 5% on debtors and provision for discount at 2·5%. The amount of provision for discount on Debtors will be : 1

(A) ₹ 5,000 (B) ₹ 2,375

(C) ₹ 2,500 (D) ₹ 4,000

एक फर्म का तलपट दिखाता है : विविध देनदार ₹ 1,00,000; संदिग्ध ऋणों के लिए देनदारों पर 5% की दर से प्रावधान किया जाए और छूट के लिए 2·5% की दर से प्रावधान किया जाए। देनदारों पर छूट के प्रावधान की राशि होगी :

(A) ₹ 5,000 (B) ₹ 2,375

(C) ₹ 2,500 (D) ₹ 4,000



UNNATI EDUCATION 9899436384 9654279279

7. Which of the following is an item of 'expenditure' while preparing Income and Expenditure Account of a Not-for-Profit Organisation ? *1*

(A) Grant-in-Aid (B) Honorarium

(C) Purchase of Motor car (D) Investments

किसी ग़ैर-लाभकारी संस्था का आय-व्यय खाता तैयार करते समय निम्नलिखित में से कौन-सी मद 'व्यय' होगी ?

(A) सहायता अनुदान (ग्रांट-इन-एड) (B) मानदेय

(C) मोटर कार की खरीद (D) निवेश

8. A firm is dissolved compulsorily when : *1*

(A) All the partners give consent.

(B) A partner becomes insolvent or of unsound mind.

(C) When a partner's conduct is likely to adversely affect the business of the firm.

(D) The business becomes unlawful.

एक फर्म का अनिवार्यत: विघटन होता है :

(A) जब सभी साझेदारों की स्वीकृति हो।

(B) जब एक साझेदार दिवालिया हो जाए या मानसिक रूप से विकृत हो जाए।

(C) जब एक साझेदार के व्यवहार का फर्म के व्यवसाय पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता हो।

(D) जब व्यवसाय ग़ैर-कानूनी हो गया हो।

9. Diva and Rahim are partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 2 : 1. They admit Zeenat into partnership for $\frac{1}{4}$ share in profits which she acquires in equally ratios from Diva and Rahim. The sacrificing ratio of Diva and Rahim will be : *1*

(A) 1 : 2 (B) 1 : 4

(C) 1 : 1 (D) 13 : 5

दीवा और रहीम एक फर्म में साझेदार हैं, वह 2 : 1 के अनुपात में लाभ व हानियाँ विभाजित करते हैं। वे जीनत को लाभों में $\frac{1}{4}$ भाग के लिए साझेदारी में प्रवेश देते हैं, जो कि वह दीवा और रहीम से बराबर अनुपात में प्राप्त करती है। दीवा व रहीम का त्याग अनुपात होगा :

(A) 1 : 2 (B) 1 : 4

(C) 1 : 1 (D) 13 : 5

UNNATI EDUCATION 9893436384 9654279279

10. Which of the following item is ***not*** shown on the debit side of Partner's Current Account ? *1*

(A) Interest on Capital

(B) Interest on Drawings

(C) Drawings

(D) Profits and Loss Appropriation (for share of loss)

निम्नलिखित में से कौन-सी मद साझेदारों के चालू खाते के नाम पक्ष में प्रदर्शित ***नहीं*** की जाती है ?

(A) पूँजी पर ब्याज

(B) आहरण पर ब्याज

(C) आहरण

(D) लाभ और हानि विनियोजन (हानि का अंश)

11. The goodwill of a partnership firm is ***not*** affected by : *1*

(A) Location

(B) Market Situation

(C) Efficient Management

(D) Qualification of partners

साझेदारी फर्म की ख्याति प्रभावित ***नहीं*** होती है :

(A) स्थिति से

(B) बाज़ार की स्थिति से

(C) कुशल प्रबन्धन से

(D) साझेदारों की योग्यता से

12. When a shareholder pays the first-call amount with share allotment, it is : *1*

(A) Debited to Call-in-Advance Account when first call money becomes due.

(B) Credited to Call-in-Advance Account when first call money becomes due.

(C) Credited to Call-in-Advance Account when first call money is received.

(D) Credited to Calls-in-Advance Account when allotment amount is received.

जब एक अंशधारी प्रथम याचना राशि का भुगतान अंश के आबंटन के साथ ही कर देता है, तो यह :

(A) प्रथम याचना राशि देय हो जाती है, तो उसे अग्रिम याचना खाते में नाम कर दिया जाता है।

(B) प्रथम याचना राशि देय हो जाने पर उसे अग्रिम याचना खाते में जमा कर दिया जाता है।

(C) प्रथम याचना राशि प्राप्त हो जाने पर अग्रिम याचना खाते में जमा किया जाता है।

(D) आबंटन की राशि प्राप्त हो जाने पर अग्रिम याचना खातें में जमा किया जाता है।

UNNATI EDUCATION 9899436384 9654279279

**13.** On an equity share of ₹ 20, the company called up ₹ 16 and had received ₹ 14. On forfeiture of this share, Equity Share Capital Account will be debited by : *1*

(A) ₹ 20 (B) ₹ 14

(C) ₹ 16 (D) ₹ 2

₹ 20 के एक समता अंश पर कम्पनी द्वारा याचित राशि ₹ 16 है और प्राप्त राशि ₹ 14 है। इस अंश की जब्ती पर, समता अंश पूँजी खाते के नाम पक्ष में लिखे जाएँगे :

(A) ₹ 20 (B) ₹ 14

(C) ₹ 16 (D) ₹ 2

**14.** On forfeiture of 100 shares of ₹ 50 each, ₹ 2,500 were credited to Share Forfeited Account. These shares were reissued at ₹ 25 per share fully paid up. The amount credited to 'Capital Reserve Account' will be : *1*

(A) ₹ 2,500

(B) No amount

(C) ₹ 5,000

(D) ₹ 3,000

₹ 50 प्रत्येक के 100 अंशों को ज़ब्त करने पर, अंश ज़ब्ती खाते के जमा में ₹ 2,500 का लेखा किया गया। इन अंशों का पुन:निर्गमन ₹ 25 प्रति अंश पर पूर्ण प्रदत्त हुआ। 'पूँजी संचय खाते' के जमा में लिखी जाने वाली राशि होगी :

(A) ₹ 2,500

(B) कोई राशि नहीं

(C) ₹ 5,000

(D) ₹ 3,000

**15.** Fill in the blanks : *1×2=2*

The accounting equation expresses the equality of ________ on the one side and ________ on the other side.

रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :

लेखांकन समीकरण समानता को व्यक्त करता है, जिसमें एक तरफ ________ और दूसरी तरफ ________ होता है।

UNNATI EDUCATION 9899436384 9654279279
#7572419

**16.** Give one word answer of the following : *1×2=2*

(i) Sales of goods to Ram for cash is debited to.

(ii) Accounting equation serves as a basis for preparing.

निम्नलिखित का एक शब्द में उत्तर दीजिए :

(i) राम को नकद के लिए वस्तु बिक्री को नामे किया जाता है।

(ii) लेखांकन समीकरण बनाने के लिए आधार के रूप में कार्य करता है।

**17.** Complete the following sentence : *1×2=2*

Control unit ________ and ________ the activities of all the components of the computer.

निम्नलिखित कथन को पूरा कीजिए :

कम्प्यूटर के सभी घटकों के क्रियाकलापों को कंट्रोल यूनिट ________ और ________ करता है।

**18.** Give one word answer of the following : *1×2=2*

(i) The software that refers to designing and developing user-specific software.

(ii) One-sided errors are rectified through which account ?

निम्नलिखित का एक शब्द में उत्तर दीजिए :

(i) वह सॉफ्टवेयर जो प्रयोगकर्ता विशिष्ट सॉफ्टवेयर को डिज़ाइन और विकसित करने को संदर्भित करता है।

(ii) एक-पक्षीय अशुद्धियों का संशोधन किस खाते से किया जाता है ?

**19.** Give one word answer of the following : *1×2=2*

(i) At the time of dissolution, settlement of 'loan to a partner' is done by passing which entry ?

(ii) Revaluation account is credited for an increase in the value of :

निम्नलिखित का एक शब्द में उत्तर दीजिए :

(i) विघटन के समय 'साझेदार को ऋण' का निपटान कौन-सी प्रविष्टि पारित करके किया जाता है ?

(ii) किस मद के मूल्य में वृद्धि होने पर पुनर्मूल्यांकन खाते की जमा पक्ष में लिखा जाता है ?

UNNATI EDUCATION
9899436384
9654279279

**20.** Fill in the blanks : *1×2=2*

(i) Share of goodwill of the deceased partner is ________ to his Capital Account.

(ii) On retirement of a partner, goodwill will be credited to the Capital Account of ________.

रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :

(i) मृत साझेदार के हिस्से की ख्याति को उसके पूँजी खाते के ________ में लिखा जाएगा।

(ii) साझेदार की सेवानिवृत्ति ख्याति को ________ के पूँजी खाते के जमा में लिखा जाएगा।

**21.** Write the names of the affected accounts in the following transactions while preparing accounting equation : *1×4=4*

(i) Cash deposited in Bank

(ii) Sold goods to Ashutosh for ₹ 20,000 in cash

(iii) Received Interest ₹ 200

(iv) Purchased goods for cash ₹ 15,000

लेखांकन समीकरण तैयार करते समय निम्नलिखित लेनदेनों में प्रभावित खातों के नाम लिखिए :

(i) बैंक में नकद जमा

(ii) आशुतोष को ₹ 20,000 नकद में माल का विक्रय

(iii) प्राप्त ब्याज ₹ 200

(iv) नकद माल का क्रय ₹ 15,000

**22.** Write the names of the accounting errors for the following transactions : *1×4=4*

(i) Goods of ₹ 4,200 sold to Shalini was recorded in the sales book as ₹ 2,400.

(ii) ₹ 5,000 spent on repairs of building is debited to Building A/c.

(iii) Kiran's Account was short credited by ₹ 700 while Manish's Account was excess credited by ₹ 700.

(iv) Rent of proprietor's residence ₹ 6,000 was debited to Rent Account.

UNNATI EDUCATION 9899436384 9654279279
#7572419

निम्नलिखित लेनदेनों के लिए लेखांकन अशुद्धि का नाम लिखिए :

(i) शालिनी की बेची गई ₹ 4,200 की वस्तुओं का लेखा विक्रय पुस्तक में ₹ 2,400 से किया गया।

(ii) भवन की मरम्मत पर खर्च ₹ 5,000 का लेखा भवन खाते के नाम पक्ष में किया गया।

(iii) किरण के खाते के जमा पक्ष में ₹ 700 कम लिखे गए, जबकि मनीष के खाते के जमा पक्ष में ₹ 700 अधिक लिखे गए।

(iv) स्वामी के आवास का किराया ₹ 6,000 किराए खाते के नाम पक्ष में लिखा गया।

**23.** Give one word answer of the following questions : *1×4=4*

(i) Carriage ₹ 3,000 paid on the purchase of new machinery. Name the type of expenditure.

(ii) Net profit of a firm before charging Manager's commission is ₹ 22,000. If the Manager is entitled to 5% commission, calculate the commission payable to the manager.

(iii) Under which method are the incomplete records converted into double entry system and profit is determined ?

(iv) Rent of ₹ 15,000 has been paid for the current year. ₹ 25,000 is still to be paid; ₹ 11,000 was outstanding for the last year. Calculate the amount to be written as rent paid in the current year.

निम्नलिखित प्रश्नों का एक शब्द में उत्तर दीजिए :

(i) नई मशीनरी की खरीद पर ₹ 3,000 वाहन व्यय (कैरिज) का भुगतान किया गया। व्यय के प्रकार का नाम बताइए।

(ii) एक फर्म का शुद्ध लाभ मैनेजर के कमीशन के भुगतान से पूर्व ₹ 22,000 था। यदि मैनेजर 5% कमीशन का अधिकारी है, तो मैनेजर के भुगतान योग्य कमीशन की गणना कीजिए।

(iii) अपूर्ण (इकहरे) लेखांकन को किस पद्धति से दोहरी प्रविष्टि (द्विअंकन) प्रणाली में परिवर्तित किया जाता है और लाभ का निर्धारण किया जाता है ?

(iv) वर्तमान वर्ष के लिए ₹ 15,000 किराए का भुगतान किया गया। बकाया ₹ 25,000; पिछले वर्ष का अदत्त किराया ₹ 11,000 था। वर्तमान वर्ष में भुगतान किए गए किराए की राशि की गणना कीजिए।

UNNATI EDUCATION
9899436384
9654279279

**24.** Give one word answer of the following : *1×4=4*

(i) ABC Ltd. forfeited 2000 shares of ₹10 each (which were issued at par) held by Ramesh for non-payment of allotment money of ₹4 per share. The called-up amount on shares was ₹9. What amount on forfeiture of Ramesh's share will be debited to 'Share Capital Account' ?

(ii) A company issues its shares of ₹50 each at ₹60 per share. The excess money of ₹10 each is said to be.

(iii) Share application money is received by the company from.

(iv) When the company receives applications for less number of shares than offered to public for subscription, it is called.

निम्नलिखित का एक शब्द में उत्तर दीजिए :

(i) ए.बी.सी. लिमिटेड ने ₹ 10 प्रत्येक (सममूल्य पर जारी) के 2000 अंश ज़ब्त किए। यह अंश रमेश को आबंटित थे और इन पर ₹ 4 प्रति अंश आबंटन राशि का भुगतान प्राप्त नहीं हुआ था। इन अंशों पर कुल याचित राशि ₹ 9 थी। रमेश से ज़ब्त हुए इन अंशों की कितनी राशि का लेखा 'अंश पूँजी खाते' के नाम पक्ष में किया जाएगा ?

(ii) एक कम्पनी ने ₹ 50 प्रति वाले अंशों को ₹ 60 प्रति अंश पर जारी किया। ₹ 10 की यह आधिक्य राशि कहलाएगी।

(iii) कम्पनी द्वारा अंश आवेदन राशि किससे ली जाती है ?

(iv) जब कम्पनी को जारी किए गए अंशों की संख्या से कम अंशों के लिए आवेदन प्राप्त होते हैं, तो यह स्थिति क्या कहलाती है ?

**25.** What is meant by Revenue Expenditure ? Also give two examples of it. 2

'आगम व्यय' का क्या अर्थ है ? इसके दो उदाहरण भी दीजिए।

**26.** (i) Explain the Weighted Average method of valuation of goodwill. 2

ख्याति मूल्यांकन की भारित औसत विधि की व्याख्या कीजिए।

**OR / अथवा**

(ii) State from which fund the amount due to retiring partner is settled.

सेवानिवृत्त होने वाले साझेदार की देय राशि का निपटान किस निधि से किया जाता है ? बताइए।

UNNATI EDUCATION 9899436384 9654279279

27. (i) What is the need of admitting a new partner in the firm ? Give the meaning of admission of a partner. 2

फर्म में एक नए साझेदार को प्रवेश देने की क्या आवश्यकता होती है ? साझेदार के प्रवेश का अर्थ दीजिए।

**OR / अथवा**

(ii) Give the meaning of dissolution of a partnership firm. State the difference between dissolution of partnership and dissolution of partnership firm.

साझेदारी फर्म के विघटन का अर्थ बताइए। साझेदारी के विघटन और साझेदारी फर्म के विघटन के बीच अंतर बताइए।

28. (i) Differentiate between 'Private company' and 'Public company' on the basis of the following : 2

(a) Maximum number of members

(b) Number of Directors

निम्नलिखित के आधार पर 'सार्वजनिक कम्पनी' व 'निजी कम्पनी' में अंतर स्पष्ट कीजिए :

(a) सदस्यों की अधिकतम संख्या

(b) निर्देशकों की संख्या

**OR / अथवा**

(ii) Name and state the types of companies on the basis of formation.

गठन के आधार पर कम्पनी के प्रकारों के नाम बताइए और उल्लेख कीजिए।

29. (i) Explain any three uses of 'Single Entry System'. 3

'इकहरी लेखा प्रणाली' के किन्हीं तीन उपयोगों की व्याख्या कीजिए।

**OR / अथवा**

(ii) What is meant by 'Provision for Bad and Doubtful Debts' ? Pass the necessary adjustment entry for the same. How is this 'Provision for Bad and Doubtful Debts' shown in the Balance Sheet ?

'अप्राप्य व संदिग्ध ऋण प्रावधान' का क्या अर्थ है ? इसके लिए की जाने वाली आवश्यक समायोजन प्रविष्टि दिखाइए। बताइए कि इस 'अप्राप्य व संदिग्ध ऋण प्रावधान' को स्थिति विवरण में किस प्रकार प्रदर्शित किया जाता है।

UNNATI EDUCATION 9899436384 9654279279

**30.** (i) Prepare a Balance Sheet of 'Ever Green', a Non-Government Organisation working for the preservation of forests from the given information as at 31st March, 2024 : *3*

| **Particulars** | **Amount (₹)** |
|---|---|
| Cash in hand | 1,400 |
| Cash at Bank | 21,800 |
| Books | 78,000 |
| Furniture | 16,000 |
| Computer | 24,000 |
| Subscriptions Outstanding for 2024 on 31.3.2024 | 2,600 |
| Fixed Deposit with Bank | 1,00,000 |
| Subscriptions Received in Advance on 31.3.2024 | 3,800 |
| Rent Outstanding | 4,000 |
| Publicity Fund | 35,000 |
| Building Fund | 80,000 |

वन संरक्षण के लिए कार्यरत एक गैर-सरकारी संस्था 'एवर ग्रीन' के लिए दी गई सूचना के आधार पर 31 मार्च, 2024 को स्थिति विवरण तैयार कीजिए :

| **विवरण** | **राशि (₹)** |
|---|---|
| हस्तस्थ रोकड़ | 1,400 |
| बैंक में रोकड़ | 21,800 |
| पुस्तकें | 78,000 |
| फर्नीचर | 16,000 |
| कम्प्यूटर | 24,000 |
| 2024 के लिए अदत्त चंदा 31.3.2024 को | 2,600 |
| बैंक के साथ स्थायी जमा | 1,00,000 |
| 31.3.2024 को पूर्वदत्त चंदा | 3,800 |
| अदत्त किराया | 4,000 |
| प्रचार निधि | 35,000 |
| भवन निधि | 80,000 |

**OR / अथवा**

UNNATI EDUCATION 9899436384 9654279279
#7572419

(ii) Bombay Sports Club, disclosed that it received ₹1,50,000 for subscriptions during the year ended 31st March, 2024; subscriptions outstanding 2022 – 23 (of which ₹4,000 received in 2023 – 24) is ₹6,000; Advance subscriptions received on 31st March, 2023 was ₹4,500; subscriptions outstanding on 31st March, 2024 for year 2024 is ₹3,800. Advance subscriptions received on 31st March, 2024 is ₹5,100.

Show how subscriptions will be shown in Income and Expenditure Account for the year ending 31st March, 2024.

बॉम्बे स्पोर्ट्स क्लब ने यह प्रकट किया कि उन्हें 31 मार्च, 2024 को समाप्त हुए वर्ष के दौरान ₹ 1,50,000 चंदे के रूप में प्राप्त हुए। 2022 – 23 के लिए अदत्त चंदा (जिसमें से ₹ 4,000 वर्ष 2023 – 24 में प्राप्त हुए ) ₹ 6,000 हैं; 31 मार्च, 2023 को प्राप्त अग्रिम चंदा ₹ 4,500 था; 31 मार्च, 2024 को वर्ष 2024 के लिए अदत्त चंदा ₹ 3,800 है। 31 मार्च, 2024 को प्राप्त अग्रिम चंदा ₹ 5,100 है।

31 मार्च, 2024 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए तैयार किए जाने वाले आय-व्यय खाते में दिखाइए कि चंदे को किस प्रकार प्रदर्शित किया जाएगा।

**31.** (i) Explain the calculation of profit of a partner up to the date of death on (a) Time basis, and (b) Turnovers or Sales Basis. 3

साझेदार की मृत्यु की तिथि तक उसके लाभ की गणना (a) समय के आधार पर, और (b) विक्रय या आवर्त के आधार पर कीजिए।

**OR / अथवा**

(ii) Explain 'Super Profit Method' of valuation of Goodwill.

ख्याति मूल्यांकन की 'अधिलाभ विधि' की व्याख्या कीजिए।

**32.** Pass necessary Journal entries for recording : *1×3=3*

(i) Calls-in-Arrears

(ii) The unpaid amount of Calls-in-Arrears received later on

(iii) The interest charged on Calls-in-Arrears

लेखे के लिए आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए :

(i) बकाया याचना

(ii) याचना की बकाया राशि जिसका भुगतान बाद में किया गया हो

(iii) बकाया याचना राशि पर भारित ब्याज

**33.** (i) When forfeited shares originally issued at premium are re-issued (a) at premium, (b) at par, and (c) at discount, how will this be recorded in the books of accounts ? 3

जब ज़ब्त किए गए अंशों को मूलत: प्रीमियम पर जारी किया गया हो, तो उनके पुन:निर्गमन (a) अधिमूल्य (प्रीमियम) पर, (b) सममूल्य पर, व (c) बट्टे पर, खाता पुस्तकों में लेखा किस प्रकार किया जाएगा ?

**OR / अथवा**

UNNATI EDUCATION 9899436384 9654279279

(ii) State any three features of 'Private Placement of Shares'.

'अंशों के निजी प्लेसमेंट' की कोई तीन विशेषताएँ बताइए।

**34.** (i) From the following balances of Jain Sons, prepare Trading and Profit and Loss account for the year ending 31st March, 2024 and Balance Sheet as at 31st March, 2024. 5

| Particulars | Amount (₹) | Particulars | Amount (₹) |
|---|---|---|---|
| Capital | 51,000 | Purchases Return | 2,000 |
| Plant and Machinery | 43,300 | Rent | 2,500 |
| Sundry Debtors | 19,000 | Sales | 62,000 |
| Sundry Creditors | 20,000 | Trade Expenses | 8,500 |
| Drawings | 3,000 | Bad Debts | 2,500 |
| Purchases | 42,000 | Carriage | 4,500 |
| Bank | 7,000 | Bills Payable | 11,300 |
| Repairs | 2,000 | Returns Inward | 3,200 |
| Stock (01.4.2023) | 9,000 | | |

The closing stock was valued at ₹ 12,000.

निम्नलिखित शेषों की सहायता से जैन सन्स के लिए 31 मार्च, 2024 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए व्यापार व लाभ-हानि खाता तथा 31 मार्च, 2024 का स्थिति विवरण तैयार कीजिए।

| विवरण | राशि (₹) | विवरण | राशि (₹) |
|---|---|---|---|
| पूँजी | 51,000 | क्रय वापसी | 2,000 |
| प्लांट व मशीनरी | 43,300 | किराया | 2,500 |
| विविध देनदार | 19,000 | विक्रय | 62,000 |
| विविध लेनदार | 20,000 | व्यापार व्यय | 8,500 |
| आहरण | 3,000 | अप्राप्य ऋण | 2,500 |
| क्रय | 42,000 | वाहन व्यय | 4,500 |
| बैंक | 7,000 | देय विपत्र | 11,300 |
| मरम्मत व्यय | 2,000 | विक्रय वापसी | 3,200 |
| स्टॉक (01.4.2023) | 9,000 | | |

अंतिम स्टॉक का मूल्य ₹ 12,000 था।

**OR / अथवा**

UNNATI EDUCATION 9899436384 9654279279

(ii) From the following 'Receipts and Payments Account' of A.K. Literacy Club for the year ending 31st March, 2024, prepare Income and Expenditure Account for the year ending 31st March, 2024.

**Receipts and Payments Account of A.K. Literacy club for the year ending 31st March, 2024**

Dr. Cr.

| Receipts | Amount (₹) | Payments | Amount (₹) |
|---|---|---|---|
| To Balance b/d | 20,500 | By Salary | 6,000 |
| To Subscriptions | 28,250 | By Fixed Deposit (On 1.7.2023 @ 9% p.a.) | 20,000 |
| To Sales of old newspapers | 1,250 | By Books | 10,600 |
| To Government Grants | 15,000 | By Furniture | 18,150 |
| To Sales of old furniture (Book value ₹ 7,000) | 5,700 | By Balance c/d | 16,400 |
| To Interest on fixed deposits | 450 | | |
| | **71,150** | | **71,150** |

*Additional Information :*

The Club had 300 members, each paying an annual subscription of ₹ 100.

ए.के. लिटरेसी क्लब के 31 मार्च, 2024 को समाप्त होने वाले वर्ष के निम्नलिखित 'प्राप्ति एवं भुगतान खाते' से 31 मार्च, 2024 को समाप्त होने वाले वर्ष का आय और व्यय खाता तैयार कीजिए :

**31 मार्च, 2024 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए ए.के. लिटरेसी क्लब का प्राप्ति एवं भुगतान खाता**

Dr. Cr.

| प्राप्ति | राशि (₹) | भुगतान | राशि (₹) |
|---|---|---|---|
| शेष आगे लाए | 20,500 | वेतन | 6,000 |
| चंदा | 28,250 | स्थायी जमा (1.7.2023 @ 9% वार्षिक) | 20,000 |
| पुराने समाचार-पत्रों का विक्रय | 1,250 | पुस्तकें | 10,600 |
| सरकारी अनुदान | 15,000 | फर्नीचर | 18,150 |
| पुराने फर्नीचर का विक्रय (पुस्तक मूल्य ₹ 7,000) | 5,700 | शेष आगे ले गए | 16,400 |
| स्थायी जमा पर ब्याज | 450 | | |
| | **71,150** | | **71,150** |

*अतिरिक्त सूचना :*

क्लब के 300 सदस्य हैं, प्रत्येक वार्षिक चंदे के ₹ 100 देता है।

UNNATI EDUCATION 9899436384 9654279279

**35.** Ashok, Bhim and Chetan were partners in a firm sharing profits in the ratio of 3 : 2 : 1. Their Balance Sheet as at 31st March, 2024 was as follows : 5

**Balance Sheet of Ashok, Bhim and Chetan as at 31st March, 2024**

| Liabilities | | Amount (₹) | Assets | Amount (₹) |
|---|---|---|---|---|
| Creditors | | 1,00,000 | Land | 1,00,000 |
| Bills Payable | | 40,000 | Building | 1,00,000 |
| General Reserve | | 60,000 | Plant | 2,00,000 |
| Capitals : | | | Stock | 80,000 |
| Ashok | 2,00,000 | | Debtors | 60,000 |
| Bhim | 1,00,000 | | Bank | 10,000 |
| Chetan | 50,000 | 3,50,000 | | |
| | | **5,50,000** | | **5,50,000** |

Ashok, Bhim and Chetan decided to share the future profits equally, w.e.f. 1st April, 2024. It was agreed that :

(a) Goodwill of the firm be valued at ₹ 3,00,000.

(b) Land be valued at ₹ 1,60,000 and Building be depreciated by 6%.

(c) Creditors of ₹ 12,000 were not likely to be claimed and hence be written off.

Prepare Revaluation Account and Partner's capital Accounts after the reconstitution of the firm.

अशोक, भीम और चेतन एक फर्म में साझेदार हैं, वह अपने लाभों का बँटवारा 3 : 2 : 1 के अनुपात में करते हैं । 31 मार्च, 2024 को उनका स्थिति विवरण निम्नलिखित था :

**31 मार्च, 2024 को अशोक, भीम और चेतन का स्थिति विवरण**

| देयताएँ | | राशि (₹) | परिसंपत्तियाँ | राशि (₹) |
|---|---|---|---|---|
| लेनदार | | 1,00,000 | भूमि | 1,00,000 |
| देय विपत्र | | 40,000 | भवन | 1,00,000 |
| सामान्य संचय | | 60,000 | प्लांट | 2,00,000 |
| पूँजी : | | | स्टॉक | 80,000 |
| अशोक | 2,00,000 | | देनदार | 60,000 |
| भीम | 1,00,000 | | बैंक | 10,000 |
| चेतन | 50,000 | 3,50,000 | | |
| | | **5,50,000** | | **5,50,000** |

UNNATI EDUCATION 9899436384 9654279279

अशोक, भीम और चेतन ने भविष्य में लाभों को बराबर-बराबर बाँटने का निर्णय लिया, जो कि 1 अप्रैल, 2024 से लागू होगा। यह सहमति भी बनी कि :

(a) फर्म की ख्याति का मूल्य होगा ₹ 3,00,000.

(b) भूमि का मूल्य ₹ 1,60,000 और भवन पर 6% की दर से मूल्यह्रास लगाया जाएगा।

(c) ₹ 12,000 के लेनदारों से पैसा वापस माँगने की उम्मीद नहीं थी, इसलिए उन्हें अपलिखित किया गया।

फर्म के पुनर्गठन के बाद पुनर्मूल्यांकन खाता और साझेदारों के पूँजी खाते बनाइए।

**36.** (i) Airdrop Ltd. issued 1,00,000 Equity shares of ₹ 10 each. The amount was payable as follows :

| | |
|---|---|
| On application | ₹ 3 |
| On allotment and | ₹ 4 |
| On first and final call | Balance |

Applications were received for 1,40,000 Equity shares. Allotment was made as under :

80,000 applications were given 80,000 Equity shares, 50,000 applications were given 20,000 Equity shares, 10,000 applications were not allotted any shares. First and final call is not yet made.

Pass necessary Journal entries to record the above transactions. 5

एयरड्रोप लिमिटेड ने ₹ 10 प्रत्येक के 1,00,000 समता अंश जारी किए, राशि इस प्रकार देय है :

| | |
|---|---|
| आवेदन पर | ₹ 3 |
| आबंटन पर | ₹ 4 |
| प्रथम एवं अंतिम याचना पर | शेष |

1,40,000 समता अंशों के लिए आवेदन प्राप्त हुए। जिनका आबंटन निम्न प्रकार किया गया :

80,000 आवेदनों पर 80,000 समता अंश दिए गए, 50,000 आवेदनों पर 20,000 समता अंश दिए गए, 10,000 आवेदनों पर किसी अंश का आबंटन नहीं किया गया। अभी प्रथम व अंतिम याचना नहीं की गई है।

उपर्युक्त लेनदेनों का लेखा करने के लिए आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए।

**OR / अथवा**

(ii) ABC Ltd. issued 20,000 shares of ₹ 10 each at a premium of ₹ 2 per share. The amount was payable as follows :

| | |
|---|---|
| On application | ₹ 4 per share |
| On allotment | ₹ 3 per share (including premium) |
| On first call | ₹ 2 per share |
| On final call | Balance |

All the calls were made and money was duly received except the first call money on 400 shares; which was received later on with final call.

Pass necessary Journal entries to record the above transactions.

UNNATI EDUCATION
8989436384
9654279279

ए.बी.सी. लिमिटेड ने ₹ 10 प्रत्येक के 20,000 अंश ₹ 2 प्रति अंश के प्रीमियम पर निर्गमित किए। राशि इस प्रकार देय है :

| | |
|---|---|
| आवेदन पर | ₹ 4 प्रति अंश |
| आबंटन पर | ₹ 3 प्रति अंश (प्रीमियम सम्मिलित है) |
| प्रथम याचना पर | ₹ 2 प्रति अंश |
| अंतिम याचना पर | शेष |

सभी याचनाएँ की गईं व उन पर भुगतान हुए केवल 400 अंशों पर प्रथम याचना की राशि प्राप्त नहीं हुई; जो कि बाद में अंतिम याचना के साथ प्राप्त हुई।

उपर्युक्त लेनदेनों का लेखा करने के लिए आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए।

## SECTION B
## खण्ड B

**(Attempt any one of the given Optional Modules.)**
**(दिए गए वैकल्पिक मॉड्यूलों में से किसी एक का चयन कीजिए।)**

### OPTIONAL MODULE – I
### वैकल्पिक मॉड्यूल – I
**(Analysis of Financial Statements)**
**(वित्तीय विवरणों का विश्लेषण)**

**37.** Which of the following is ***not*** an activity ratio? *1*

(A) Interest Coverage Ratio
(B) Inventory Turnover Ratio
(C) Working Capital Turnover Ratio
(D) Trade Receivables Turnover Ratio

निम्नलिखित में से कौन-सा क्रिया अनुपात *नहीं* है?

(A) ब्याज संरक्षण अनुपात
(B) स्टॉक आवर्त अनुपात
(C) कार्यशील पूँजी आवर्त अनुपात
(D) व्यापारिक प्राप्य आवर्त अनुपात

**38.** From the following transactions identify which one is the 'Investing Activity': *1*

(A) Sale of machines by a dealer of machines
(B) Issue of share capital
(C) Purchase of machines
(D) Short term deposits in banks

#7572419
#7572419
UNNATI EDUCATION 9899436384 9654279279

निम्नलिखित लेनदेनों से पहचानिए कि कौन-सी 'निवेश क्रिया' है :

(A) मशीनों के डीलर द्वारा मशीनों का विक्रय

(B) अंश पूँजी का निर्गमन

(C) मशीनों का क्रय

(D) बैंकों में अल्पकालिक जमा

**39.** Which of the following is ***not*** deducted from operating profit before working capital changes, to calculate cash generated from operations ? *1*

(A) Increase in debtors (B) Increase in inventory

(C) Increase in bills payable (D) Increase in prepaid expenses

प्रचालन से प्राप्त रोकड़ की गणना करने के लिए कार्यशील पूँजी में परिवर्तन से पूर्व के प्रचालन लाभ में से निम्नलिखित में से क्या ***नहीं*** घटाया जाता ?

(A) देनदारों में वृद्धि (B) स्टॉक में वृद्धि

(C) देय विपत्रों में वृद्धि (D) पूर्वदत्त व्ययों में वृद्धि

**40.** Working capital is ₹ 7,20,000; Trade payables are ₹ 40,000 and other Current liabilities are ₹ 2,00,000. Calculate current ratio. *1*

(A) 2 : 1 (B) 4 : 1

(C) 5 : 1 (D) 7 : 1

कार्यशील पूँजी ₹ 7,20,000; व्यापारिक देय ₹ 40,000 और अन्य चालू देयताएँ ₹ 2,00,000 हैं, चालू अनुपात की गणना कीजिए।

(A) 2 : 1 (B) 4 : 1

(C) 5 : 1 (D) 7 : 1

**41.** Calculate 'Inventory Turnover Ratio' from the following information :

Opening Inventory ₹ 50,000; Closing Inventory ₹ 40,000 and Cost of Revenue from Operations ₹ 7,20,000. *1*

(A) 18 times (B) 16 times

(C) 14·4 times (D) 8 times

निम्नलिखित सूचना से 'स्टॉक आवर्त अनुपात' की गणना कीजिए :

आरंभिक स्टॉक ₹ 50,000; अंतिम स्टॉक ₹ 40,000 और परिचालन से आगम की लागत ₹ 7,20,000.

(A) 18 बार (B) 16 बार

(C) 14·4 बार (D) 8 बार



UNNATI EDUCATION 9899436384 9654279279

**42.** Which of the following is an example of adjustment for Non-operating items ? *1*

(A) Purchase of investments

(B) Sale of fixed assets

(C) Interest paid on term deposits by a bank

(D) Issue of equity share capital

निम्नलिखित में से कौन-सा ग़ैर-प्रचालन मदों के समायोजन का उदाहरण है ?

(A) निवेशों की खरीद

(B) स्थायी परिसम्पत्तियों का विक्रय

(C) बैंक द्वारा आवधिक जमा पर दिया गया ब्याज

(D) समता अंश पूँजी का निर्गमन

**43.** Complete the following sentences : *1×2=2*

(i) Low Trade Receivables Turnover Ratio indicates __________.

(ii) Only __________ companies are required to prepare and present Cash Flow Statement.

निम्नलिखित वाक्यों को पूरा कीजिए :

(i) कम व्यापारिक प्राप्य आवर्त अनुपात यह बताता है कि __________ ।

(ii) केवल __________ कम्पनियों को ही रोकड़ प्रवाह विवरण तैयार कर प्रस्तुत करना आवश्यक होता है।

**44.** State any two objectives of preparing a 'Cash Flow Statement'. *2*

'रोकड़ प्रवाह विवरण' तैयार करने के किन्हीं दो उद्देश्यों का उल्लेख कीजिए।

**45.** Calculate the Debt-Equity Ratio from the following data : *2*

Total Assets ₹1,20,000; Total Debts ₹1,00,000; Current Liabilities ₹60,000.

निम्नलिखित आँकड़ों से ऋण-समता अनुपात की गणना कीजिए :

कुल परिसंपत्तियाँ ₹ 1,20,000; कुल ऋण ₹ 1,00,000; चालू देयताएँ ₹ 60,000।

**46.** Explain the accounting treatment of Payment of 'Interim Dividend' while preparing 'Cash Flow Statement'. *3*

'रोकड़ प्रवाह विवरण' तैयार करते समय 'अंतरिम लाभांश' के भुगतान के लेखा व्यवहार की व्याख्या कीजिए।

UNNATI EDUCATION
9899436384
9654279279

**47.** Prepare Cash Flow statement from the Balance Sheet of JIVA Ltd. as at 31st March, 2024 : 5

**Balance Sheet of JIVA Ltd. as at 31st March, 2024**

| Particulars | Note No. | 31.3.2024 (₹) | 31.3.2023 (₹) |
|---|---|---|---|
| **I – Equity and Liabilities :** | | | |
| 1. Shareholder's Funds : | | | |
| (a) Share Capital | | 2,10,000 | 1,80,000 |
| (b) Reserve and Surplus | 1 | 1,32,000 | 24,000 |
| 2. Non-Current Liabilities : | | | |
| Long-term Borrowings | | 1,50,000 | 1,50,000 |
| 3. Current Liabilities : | | | |
| Trade Payables | | 75,000 | 27,000 |
| **Total** | | **5,67,000** | **3,81,000** |
| **II – Assets :** | | | |
| 1. Non-Current Assets : | | | |
| (a) Fixed Assets/ Tangible Assets | | 2,94,000 | 2,52,000 |
| (b) Non-Current Investments | | 48,000 | 18,000 |
| 2. Current Assets : | | | |
| (a) Current Investments (Marketable) | | 54,000 | 60,000 |
| (b) Inventories | | 1,07,000 | 24,000 |
| (c) Trade Receivables | | 40,000 | 17,500 |
| (d) Cash & Cash Equivalents | | 24,000 | 9,500 |
| **Total** | | **5,67,000** | **3,81,000** |

*Notes to Accounts :*

| | Particulars | 31.3.2024 (₹) | 31.3.2023 (₹) |
|---|---|---|---|
| 1. | Reserve and Surplus | | |
| | Surplus i.e., Balance in Statement of Profit and Loss | 1,32,000 | 24,000 |

UNNATI EDUCATION 9893436384 9654279279

जीवा लिमिटेड के स्थिति विवरण से 31 मार्च, 2024 को रोकड़ प्रवाह विवरण तैयार कीजिए :

**31 मार्च, 2024 को जीवा लिमिटेड का स्थिति विवरण**

| विवरण | नोट संख्या | 31.3.2024 (₹) | 31.3.2023 (₹) |
|---|---|---|---|
| **I – समता और देयताएँ :** | | | |
| 1. अंशधारक कोष : | | | |
| (a) अंश पूँजी | | 2,10,000 | 1,80,000 |
| (b) संचय और आधिक्य | 1 | 1,32,000 | 24,000 |
| 2. ग़ैर-चालू देयताएँ : | | | |
| दीर्घकालीन उधार | | 1,50,000 | 1,50,000 |
| 3. चालू देयताएँ : | | | |
| व्यापारिक देय | | 75,000 | 27,000 |
| **कुल** | | **5,67,000** | **3,81,000** |
| **II – परिसम्पत्तियाँ :** | | | |
| 1. ग़ैर-चालू परिसम्पत्तियाँ : | | | |
| (a) स्थायी परिसम्पत्तियाँ/ मूर्त परिसम्पत्तियाँ | | 2,94,000 | 2,52,000 |
| (b) ग़ैर-चालू निवेश | | 48,000 | 18,000 |
| 2. चालू परिसम्पत्तियाँ : | | | |
| (a) चालू निवेश (विक्रय-योग्य) | | 54,000 | 60,000 |
| (b) स्टॉक | | 1,07,000 | 24,000 |
| (c) व्यापारिक प्राप्य | | 40,000 | 17,500 |
| (d) रोकड़ एवं रोकड़ तुल्य | | 24,000 | 9,500 |
| **कुल** | | **5,67,000** | **3,81,000** |

*खातों के नोट्स :*

| | विवरण | 31.3.2024 (₹) | 31.3.2023 (₹) |
|---|---|---|---|
| 1. | संचय एवं आधिक्य<br>आधिक्य अर्थात् लाभ-हानि विवरण में शेष | 1,32,000 | 24,000 |

#7572419
#7572419
#7572419
UNNATI EDUCATION
9899436384
9654279279

## OPTIONAL MODULE – II

## वैकल्पिक मॉड्यूल – II

## (Application of Computers in Financial Accounting)

## (वित्तीय लेखांकन में कम्प्यूटर का प्रयोग)

**37.** The process of structuring a database comprises of : *1*

(A) Requirement Analysis

(B) Logical Design

(C) Conceptual Design

(D) All of the above

डेटाबेस का ढाँचा बनाने की प्रक्रिया में सम्मिलित है :

(A) आवश्यकता विश्लेषण

(B) तर्कसंगत डिज़ाइन

(C) अवधारणा आधारित डिज़ाइन

(D) उपर्युक्त सभी

**38.** While creating tables in Microsoft Access, object linking and embedding objects (OLE object) refers to objects such as : *1*

(A) Photograph

(B) Rupees

(C) E-mail address

(D) Number

माइक्रोसॉफ्ट एक्सेस में टेबल/तालिका बनाते समय ऑब्जेक्ट लिंकिंग और एम्बेडिंग ऑब्जेक्ट (ओ.एल.ई. ऑब्जेक्ट) में ऑब्जेक्ट से तात्पर्य है :

(A) फोटोग्राफ

(B) रुपए

(C) ई-मेल एड्रेस

(D) संख्या

UNNATI EDUCATION 9899436384 9654279279

39. One of the main components of Microsoft Access 'queries' are meant to create : 1

(A) the SQL compatible query statement

(B) data tables

(C) an appropriate user interface

(D) various reports as per the requirement of end user

माइक्रोसॉफ्ट एक्सेस के एक मुख्य घटक 'क्वेरीज़' का सृजन से तात्पर्य है :

(A) एस.क्यू.एल. संगत क्वेरी विवरण

(B) डेटा सारणी

(C) उपयुक्त यूज़र इंटरफेस

(D) अंतिम उपयोगकर्ता की आवश्यकतानुसार विभिन्न रिपोर्टें

40. The allowance paid to facilitate an employee in acquiring residential accommodation on lease/rent is : 1

(A) Provident Fund

(B) Dearness Allowance

(C) House Rent Allowance

(D) Transport Allowance

कर्मचारी के आवासीय निवास को लीज़ या किराए पर प्राप्त करने हेतु दिया गया भत्ता है :

(A) भविष्य निधि (प्रोविडेन्ट फंड)

(B) महँगाई भत्ता

(C) मकान किराया भत्ता

(D) यात्रा भत्ता

UNNATI EDUCATION 9899436384 9654279279
#7572419
#7572419
#7572419

41. MS Excel automatically re-draws the chart : 1

(A) If any change is made in data

(B) If any change is made in the range data

(C) (A) and (B) both

(D) None of the above

एम.एस. एक्सेल स्वत: ही चार्ट को दोबारा बना देता है :

(A) यदि डेटा में कोई परिवर्तन किया हो

(B) यदि विस्तार डेटा में कोई परिवर्तन किया हो

(C) (A) और (B) दोनों

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

42. Date/Time in creating tables in Microsoft Access : 1

(A) stores dates

(B) stores time

(C) stores a combination of both (A) and (B)

(D) All of the above

माइक्रोसॉफ्ट एक्सेस में टेबल/सारणी का सृजन करते समय तिथि/समय :

(A) तिथियों का भंडारण करता है

(B) समय का भंडारण करता है

(C) (A) और (B) दोनों के सम्मिश्रण का भंडारण करता है

(D) उपर्युक्त सभी

UNNATI EDUCATION 9899436384 9654279279

43. The basic element used to calculate Provident Fund is ______ × ______. 1×2=2

भविष्य निधि (प्रोविडेन्ट फंड) की गणना में प्रयुक्त आधारभूत अवयव है ________ × ________ ।

44. Explain how graphs/charts help to explore possible relationship of variables to one another. 2

व्याख्या कीजिए कि ग्राफ/चार्ट चरों के एक-दूसरे से संभावित संबंध का पता लगाने में किस प्रकार मदद करते हैं।

45. Give the meaning of graphs and charts used in MS Excel. State any two advantages of using charts. 2

एम.एस. एक्सेल में प्रयुक्त ग्राफ और चार्ट का अर्थ बताइए। चार्ट का उपयोग करने के कोई दो लाभ बताइए।

46. What is 'Payroll' ? Write any four earning items used as payroll components. 3

'पे-रोल' क्या है ? पे-रोल घटकों के रूप में प्रयुक्त कोई चार अर्जन मदें लिखिए।

47. Give the meaning of 'Electronic Spreadsheet'. State any four features of a spreadsheet. 5

'इलेक्ट्रॉनिक स्प्रेडशीट' का अर्थ बताइए। स्प्रेडशीट की किन्हीं चार विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

#75772419
UNNATI EDUCATION 9899436384 9654279279
#75772419
#75772419